एक नजर में

पशुपालन गतिविधियों की हुई समीक्षा

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निदेर्शानुसार पशुपालन विभाग की गतिविधियों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए जिले के समस्त सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। पशु चिकित्सा विभाग के उप संचालक डॉ. समर सिंह राठौड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान कृत्रिम गभार्धान, टीकाकरण, क्षीर धारा ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सीएम हेल्पलाइन, सेक्स सॉर्टेड सीमेन, वधियाकरण, नस्ल सुधार, पशु आहार एवं पशु रोग नियंत्रण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की गई और अधिकारियों को जमीनी स्तर पर सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए गए। उप संचालक डॉ. राठौड़ ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचना सुनिश्चित किया जाए

सिंधिया ने ली सीक्रेट मीटिंग, सादगी भी दिखी

भाजपा के प्रशिक्षण का समापन, केंद्रीय मंत्री ने सिखाए संगठन को मजबूत करने के गुर

नवभारत न्यूज

गुना। भारतीय जनता पार्टी के दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का समापन शनिवार को गुना में हो गया है। आखिरी दिन केंद्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने के गुर सिखाने पहुंचे। हालांकि प्रशिक्षण वर्ग की गतिविधियों से ज्यादा सिंधिया की कार्यकर्ताओं के साथ सीक्रेट मीटिंग ज्यादा चर्चाओं में रही। उन्होंने एक बंद कमरे में बैठक ली, जिसमें मोबाइल भी प्रतिबंधित कर दिया गया था।

गौरतलब है कि भारतीय जनता पार्टी ने एबी रोड गुना के ग्रीन माउंटेन रिसोर्ट में दो दिवसीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया था। शुक्रवार को शुरु हुए प्रशिक्षण वर्ग के शुभारंभ सत्र में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वर्ग की विशेषता रही कि यहां नए और पुराने सभी कार्यकर्ताओं ने रात्रि विश्राम किया और भाजपा संगठन की रीति-

नीति सहित केंद्र, प्रदेश सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को गांव-गांव, घर-घर तक पहुंचाने के गुर भी सीखे। प्रशिक्षण के दूसरे और अंतिम दिन केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जब कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे तो उनका जोरदार स्वागत किया गया। सिंधिया ने कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय संवाद किया। फिर एक बंद हॉल में बैठक भी ली। जिसमें कार्यकर्ताओं को मोबाइल लाने से भी मना किया गया था। यह बैठक चर्चा का विषय बनी हुई है।

आमतौर पर भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग में इस तरह की बैठकों का आयोजन नहीं होता है। हालांकि, इस दौरान सिंधिया का सादगी भरा अंदाज भी देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने अनेक कार्यकर्ताओं से सीधी बातचीत की, उनके कामकाज को समझा और मार्गदर्शन दिया। सिंधिया ने प्रशिक्षण वर्ग में अपने हाथ से अपनी थाली परोसी और कार्यकर्ताओं के साथ भोजन किया। उन्होंने भोजन की तारीफ करते हुए सभागृह में मौजूद भाजपाजनों से भी आग्रह किया कि वे सभी भोज में शामिल हों।

तीनों जिलों में पहुंचे सिंधिया

अपने व्यस्ततम शेड्यूल के बावजूद भाजपा की परपंरा का अनुसरण करते हुए सिंधिया ने गुना के अलावा शिवपुरी और अशोकनगर जिलों में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग में शिरकत की। सिंधिया ने बताया कि उन्हें कार्यकर्ताओं के साथ बातचीत करके, उनके साथ बैठकर अच्छा लगा। सांसद ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे नरेंद्र मोदी के प्रयासों को साकार करें और संगठन के सिद्धांतों का अनुसरण करते हुए पार्टी को मजबूत बनाने का भरसक प्रयास करें। बता दें कि गुना के अलावा शिवपुरी और अशोकनगर जिले भी सिंधिया के लोकसभा क्षेत्र में शामिल हैं।

कोई गुटबाजी नहीं, हमारी 22 राज्यों में सरकार

आमतौर पर मीडिया के साथ सहज, सरल अंदाज में पेश आने वाले केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शनिवार को सवालों से बचने का प्रयास किया। प्रशिक्षण वर्ग के बाद वापस लौटने के दौरान पत्रकारों ने उनसे राहुल गांधी के वक्तव्यों को लेकर सवाल किए, जिसे उन्होंने नजर अंदाज किया। हालांकि भाजपा के भीतर गुटबाजी के सवाल पर उन्होंने यह जरूर कह दिया कि पार्टी में कोई गुटबाजी नहीं है, हमारी 22 राज्यों में सरकार है। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया।

प्रांतपाल ने की गुना रोटरी के सेवा कार्यों की सराहना, किया उपलब्धियों को साझा

गुना। रोटरी क्लब गुना रॉयल की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. निशा शेखावत ने जिले की अधिकारकि यात्रा की। गुना में हुई विशेष समीक्षा बैठक में क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता सौरभ जैन ने प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रांतपाल को साई दृष्टि स्कूल और स्थायी प्रोजेक्ट एलएन-4 कृत्रिम हाथ की सफलता की जानकारी दी, जिसके तहत जरूरतमंद दिव्यांगों को निशुल्क कृत्रिम हाथ उपलब्ध कराए गए हैं।

बैठक में 25 दिसंबर 2025 से 10 फरवरी 2026 तक आयोजित 17 वृहद स्वास्थ्य शिविरों की उपलब्धियों को भी साझा किया गया, जिसकी प्रांतपाल डॉ. शेखावत ने जमकर सराहना की है। कार्यक्रम में एक भावुक क्षण तब आया जब एक होनहार दृष्टिबाधित बेटी हिमानी कुशवाहा को भोपाल के प्रतिष्ठित कॉलेज में कानून की पढ़ाई कराने में अद्वितीय सहयोग देने के लिए प्रतिष्ठित समाजसेवी गौरव अग्रवाल एवं रेणु अग्रवाल का विशेष सम्मान किया गया। इसके साथ ही वरिष्ठ रोटेरियन डॉ. एल.के. शर्मा और सीए ब्रजेश अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर जितेंद्र वर्मा, अभिजीत गोयल, अवधेश रघुवंशी, महावीर जैन, सोनू पटनी सहित बड़ी संख्या में रोटरी क्लब के सदस्य व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार सचिव जितेंद्र वर्मा ने व्यक्त किया।

म्याना में बिजली कटौती का विरोध, कांग्रेस का प्रदर्शन

गुना। भीषण गर्मी के बीच लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती के विरोध में म्याना ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अभय व्यास के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं, नगरवासियों और किसानों ने विद्युत वितरण केंद्र पहुंचकर प्रदर्शन किया और कनिष्ठ यंत्री राहुल गौतम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कांग्रेस नेताओं ने बताया कि मेंटेनेंस के नाम पर म्याना सहित पूरे अंचल में घंटों-घंटों बिजली काटी जा रही है। इस भीषण गर्मी के मौसम में यह कटौती आम जनता के लिए जानलेवा साबित हो रही है। 24 घंटे में कई-कई बार बिजली गुल होने से छोटे-छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। इसके साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को अपनी साग-सब्जी की फसलों में पानी देने के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कनिष्ठ यंत्री से बिजली व्यवस्था में जल्द से जल्द सुधार करने की अपील की है। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, स्थानीय नागरिक और ग्रामीण अंचल से आए किसान उपस्थित रहे। विद्युत कंपनी के अधिकारियों ने ज्ञापन लेकर जल्द ही समस्या के निराकरण का आश्वासन दिया है।

मृगवास और चांचौड़ा में गांजा तस्कर गिरफ्तार

गुना। मृगवास और चांचौड़ा थाना पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गांजे के दो सौदागरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से कुल 5.639 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया है, जिसकी बाजार कीमत करीब 2.58 लाख रुपए आंकी गई है। 22 मई की शाम मृगवास थाना पुलिस ने सानई-तलबाड़ा रोड पर घेराबंदी कर बाइक सवार संदिग्ध संतोष मीना (निवासी मुसरैली, चांचौड़ा) को दबोचा। तलाशी लेने पर उसके पास से 5.142 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने 2.50 लाख रुपए का गांजा और 1 लाख रुपए की बाइक जब्त कर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी संदीप यादव और टीम की मुख्य भूमिका रही।

निराश्रित बुजुर्ग दम्पति को मिला सहारा, आनंद धाम

नवभारत न्यूज

गुना। गुना में निराश्रित जीवन व्यतीत कर रहे बुजुर्ग दम्पति अनीता जैन एवं उनके पति पवन जैन को सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए आनंद धाम वृद्ध आश्रम में भर्ती कराया।

जानकारी के अनुसार दम्पति के पास न रहने के लिए घर था और न ही जीवन यापन की कोई व्यवस्था। दोनों लंबे समय से गंभीर बीमारी और असहाय स्थिति में जीवन गुजार रहे थे। करीब दो माह पूर्व प्रमोद भार्गव को उनकी स्थिति की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाकर उपचार शुरू कराया। पवन जैन की हालत इतनी गंभीर थी कि वे ठीक से उठ भी नहीं पाते थे और उन्हें दिखाई देने में भी परेशानी थी। दम्पति का जीवन अत्यंत कठिन परिस्थितियों में गुजर रहा था। प्रमोद भार्गव ने मामले की जानकारी जिला प्रशासन को देते हुए दोनों को गुना स्थित आनंद धाम वृद्ध आश्रम में भर्ती कराया, जहां अब उनकी देखरेख और आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की जाएगी। सामाजिक कार्यकर्ता प्रमोद भार्गव लगातार निराश्रित, बीमार एवं असहाय बुजुर्गों की मदद के लिए कार्य कर रहे हैं।

केंट पुलिस ने एक और फरार आरोपी को दबोचा

गुना। केंट थाना क्षेत्र में युवकों के अपहरण और 3 लाख रुपए की फिरौती मांगने के गंभीर मामले में पुलिस ने एक और फरार आरोपी छोटू यादव (निवासी सिंगवासा) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। विगत 16 मई की रात शाढ़ौरा निवासी राज रघुवंशी और अनिकेत का अपहरण किया गया था। केंट पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों युवकों को सकुशल मुक्त करा लिया था और पूर्व में दो महिलाओं सहित चार आरोपियों (रामकृष्ण रघुवंशी, अंकित सिकरवार, गायत्री रघुवंशी और सिद्धि रघुवंशी) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामले में थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

गुना में 26 मई को लगेगा जिला स्तरीय रोजगार मेला

गुना। सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम एवं कौशल विकास और रोजगार विभाग के निर्देशन में प्रत्येक माह की तरह इस बार भी 'युवा संगम' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे के मार्गदर्शन में आगामी 26 मई 2026 को जिला पंचायत विश्राम गृह (शुभ विदाई गार्डन) में प्रात: 11 बजे से जिला स्तरीय रोजगार मेला आयोजित होगा। नोडल व जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने बताया कि इस मेले में उच्च शिक्षा विभाग और राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के समन्वय से युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार और अप्रेंटिसशिप के अवसर एक ही मंच पर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हो रही हैं, जो साक्षात्कार के माध्यम से युवाओं का चयन करेंगी।

गुना की पॉश कॉलोनी में घुसे नकाबपोश, 5 लाख की चोरी

गुना। गुना में चोरों ने एक बार फिर दहशत फैला दी है। इस बार एबी रोड स्थित राजविलास होटल के पास बनी पॉश एम-3 टाउनशिप को निशाना बनाया गया है। जहां एक मकान की दीवार फांदकर घर में घुसे करीब 5 बदमाशों ने घर में अकेले बुजुर्ग दम्पत्ति को लगभग 5 लाख रुपए के जेवरात और नगदी चोरी कर लिए। वारदात के समय बदमाशों ने दम्पत्ति को हिदायत दी कि वे चुप रहें उन्हें कुछ नहीं किया जाएगा। जबतक बदमाश घर में मौजूद रहे, बुजुर्ग भगवान के नाम का जाप करते रहे।

बता दें कि शिवपुरी निवासी शैलेंद्र शिवहरे एम-3 टाउनशिप में किराए के मकान में रहते हैं। गुना की भूसा फैक्ट्री में काम करने वाले शैलेंद्र शुक्रवार को अपनी पत्नि के साथ शिवपुरी गए थे। घर में उनकी मां मिथलेश और पिता रामजीलाल शिवहरे अकेले थे। रात लगभग ढाई बजे 5 बदमाश घर की पिछली दीवार कूंदकर

अंदर घुसे और अलमारी के तालने तोड़ना शुरु कर दिए। शोर-शराबा सुनकर मिथलेश और रामजीलाल की नींद टूट गए, जब वह अलमारी वाले कमरे में दाखिल हुए तो बदमाशों की चमकती आंखों को देखकर उनके होश उड़ गए। हालांकि बदमाशों ने मिथलेश से कहा कि अम्मा आप चुप रहो, शोर मत करना, आपको कुछ नहीं करेंगे। पांचों नकाबपोश सोने-चांदी के आभूषण सहित करीब 50 लाख रुपए लेकर मिथलेश और रामजीलाल की आंखों के सामने चंप हो गए हैं। वारदात के तुरंत बाद दम्पत्ति ने घर के ही ऊपरी मंजिल पर रहने वाले मकान को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मुआयना कर लौट गई। वारदात के बाद दहशतजदा मिथलेश ने पुलिस को बताया कि वे बदमाशों को देखकर इतना डर गई थीं कि जब तक उनका आमना-सामना हुआ वह और उनके पति भगवान का नाम जाप करते रहे। घटना की सूचना शिवपुरी में मौजूद शैलेंद्र शिवहरे को भी दी गई है। पुलिस अब इस इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

फिर पकड़े गए श्रीराम कॉलोनी से खरीदे नशीले एविल इंजेक्शन, दो गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

गुना। जिले को नशामुक्त बनाने के अभियान के तहत गुना पुलिस ने अवैध नशे के कारोबारियों पर एक और बड़ा प्रहार किया है। केंट थाना पुलिस ने प्रतिबंधित नशीले एविल इंजेक्शन की सप्लाई करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में नशीले इंजेक्शन की खेप बरामद कर उनके खिलाफ ड्रग्स कंट्रोल एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की है। गौरतलब है कि केंट पुलिस ने हाल ही में 225 नग एविल इंजेक्शन के साथ दो अन्य आरोपियों को भी जेल भेजा था, जिसके बाद यह लगातार दूसरी बड़ी सफलता है। 22 मई की शाम पुलिस को

मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम मालपुर रोड स्थित मरघटशाला के पास दो व्यक्ति प्लास्टिक के कट्टे और थैले में प्रतिबंधित एविल इंजेक्शन लेकर उन्हें बेचने की फिराक में खड़े हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपियों ने भागने का प्रयास किया, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें दबोच लिया गया। नशे के इस नेटवर्क को ध्वस्त करने में केंट थाना प्रभारी अनूप कुमार भार्गव के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक मिट्ठूलाल विसोरिया, आरक्षक राजू बघेल, विकास राजपूत और टीम की सराहनीय भूमिका रही।

240 नग इंजेक्शन जब्त, मेडिकल स्टोर से जुड़े तार

पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपने नाम सचिन राठौर (उम्र 24 वर्ष, निवासी भार्गव कॉलोनी, गुना) और विशाल ओझा (उम्र 28 वर्ष, निवासी सुदामा कॉलोनी, बूढ़े बालाजी, गुना) बताए। तलाशी लेने पर उनके पास से 10 कार्टून बॉक्स में रखे कुल 240 नग बरामद हुए।

वैध दस्तावेज न होने पर पुलिस ने इंजेक्शन जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने कबूला कि उन्होंने यह इंजेक्शन श्रीराम कॉलोनी स्थित धाकड़ मेडिकल स्टोर के संचालक हरिमोहन धाकड़ से खरीदे थे। पुलिस अब मेडिकल संचालक के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई कर रही है।

कार्ययोजना 'जीटो' देशभर में 50 हजार युवाओं को दिलाएगा रोजगार

नौकरी के लिए युवाओं ने सेमिनार में की शिरकत

गुना। युवाओं को स्वावलंबी बनाने और उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जैन अंतर्राष्ट्रीय व्यापार संगठन (जीटो) ने एक नई और वृहद कार्ययोजना तैयार की है। इसे गुना सहित देशभर के 180 क्षेत्रों में लागू किया जा रहा है, जिसके तहत युवाओं को उनकी योग्यता और काबिलियत के मुताबिक सीधे कंपनियों में रोजगार दिलाया जाएगा।

इसी कड़ी में शनिवार को गुना में संगठन द्वारा एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में बड़ी संख्या में स्थानीय युवक-युवतियां पहुंचे, जिन्होंने रोजगार की संभावनाओं को समझा और अपने दस्तावेज (रिज्यूम) जमा किए। जीटो देश के

प्रतिष्ठित औद्योगिक घरानों और कॉर्पोरेट जगत से सीधे जुड़ा हुआ है। संगठन वर्तमान में अडाणी, सेलो, टाटा सहित देश की लगभग 1,000 बड़ी और नामचीन कंपनियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। इन कंपनियों के साथ बेहतर सामंजस्य स्थापित कर युवाओं को उनकी स्किल के आधार पर नौकरियां उपलब्ध कराई जा रही हैं।

50,000 युवाओं को रोजगार देने का बड़ा लक्ष्य

संगठन के पदाधिकारियों ने बताया कि 'जीटो' के माध्यम से अब तक देश भर में हजारों युवाओं को सम्मानजनक रोजगार मिल चुका है। अब इस कार्ययोजना का विस्तार करते हुए संगठन ने 50,000 बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ने का एक बड़ा लक्ष्य रखा है।

सपनों के लिए लड़ें, लेकिन विकल्पों को सीमित न रखें

सेमिनार में मौजूद जैन समाज के वरिष्ठ सदस्यों और विशेषज्ञों ने युवाओं को करियर के गुर सिखाए। उन्होंने युवाओं को समझाइश देते हुए कहा कि वे अपने बड़े सपनों को पूरा करने के लिए लगातार संघर्ष और मेहनत करते रहें, लेकिन परिवार की आर्थिक स्थिति में सहयोग करने के उद्देश्य से शुरूआती दौर में रोजगार के विकल्पों को सीमित न रखें। जो भी अच्छा अवसर मिले, उससे शुरूआत करें।

गाय को बचाने के प्रयास में पलटा प्लास्टिक दाने से भरा ट्रक, बडा हादसा टला

गुना। राष्ट्रीय राजमार्ग (हाईवे) पर शनिवार को एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। हाईवे पर अचानक सामने आई एक गाय को बचाने के प्रयास में प्लास्टिक दाने की बोरियों से भरा एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। इस हादसे में ट्रक में भरी प्लास्टिक दाने की सैकड़ों बोरियां हाईवे पर बिखर गईं, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक करीब 30 टन प्लास्टिक दाने का माल लेकर हरियाणा के पानीपत से कर्नाटक के बेंगलुरु की ओर जा रहा था। जैसे ही ट्रक गुना हाईवे से गुजर रहा था, तभी अचानक एक गाय ट्रक के सामने आ गई। गाय को बचाने के लिए ट्रक चालक ने तत्परता दिखाते हुए तेजी से ब्रेक लगाए और स्टेयरिंग घुमा दी।